सार-समाचार

जिला रैली से लौटे स्काउट्स का सम्मान

रेवदर, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अजारी पिंडवाडा के खेल मैदान में 19 से 23 नवम्बर तक आयोजित जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली में सहभागिता करने वाले दोलपुरा विद्यालय के स्काउट्स को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दोलपुरा में कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के स्काउट प्रभारी मनोज नालिया ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी हाल ही में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के अंतर्गत विगत 19 से 23 फरवरी तक आयोजित जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली में सम्पूर्ण जिले से स्थानीय विद्यालय से सर्वाधिक 36 स्काउट्स ने सहभागिता की थी। विदित है कि इस जिला रैली (मिनी जम्बूरी) में रेवदर स्थानीय संघ सचिव बाबुलाल सैनी के नेतृत्व में स्काउट व गाइड दोनों में ही उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ऑल ओवर चेम्पियनशिप का खिताब जीता था जिसमें दोलपुरा विद्यालय के स्काउट्स का भी सराहनीय योगदान रहा है। विद्यालय के संस्थाप्रधान राजवीरेंद्र सिंह राजपुरोहित ने कहा कि सभी स्काउट्स ने जिला रैली का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने विद्यालय व स्थानीय संघ का नाम रोशन किया है जिसके उपलक्ष में विद्यालय में इन सभी स्काउट बालचरों को माला पहनाकर और रैली का प्रमाण पत्र व इनाम देकर सम्मानित किया गया है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के व्याख्याता बलदेव मीणा, गौरव कामरा, वरिष्ठ अध्यापक तुलसीराम सैनी, बाबुलाल मीना, भवानी सिंह, सुंदर परमार, अध्यापक राजेश कुमार, प्रदीप गर्ग, पिंकी जांगिड, किशोराम चौधरी, रामाराम सोलंकी, सोनाराम कोली, शैतान सिंह देवडा, रत्तीलाल गरासिया, सुरेश बुल्डक, भरत कुमार कोली, रामावतार गुर्जर, भूराराम चौधरी, बाबुलाल कोली, गणेश कोली विद्यालय स्टाफ सहित रोवर सुरेश कुमार, पीयूष कुमार, हितेश कुमार व विद्यालय के समस्त विद्यार्थी मौजूद रहे।

'शिक्षा के क्षेत्र हो रहे रहे हैं नवाचार'

सांचौर, (कासं)। सांचौर क्षेत्र के ग्राम झैरोल स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को भामाशाह पीराराम देवासी एवं भलाराम देवासी द्वारा नव निर्मित कक्षा भवन का उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने इस अवसर पर ग्रामीणजन को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवाचार किए जा रहे हैं तथा वर्ष 2024-25 की बजट घोषणाओं में शिक्षा क्षेत्र को प्रमुख रूप से स्थान दिया गया हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनकल्याणकारी योजनाएं यथा मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन आदि के माध्यम से राज्य के प्रत्येक नागरिक को लाभान्वित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में दिसंबर माह में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट - 2024 आयोजित करने जा रही हैं जिसके फलस्वरुप राजस्थान राज्य आर्थिक रूप से सशक्त बनेगा तथा राज्य में नव उद्योगों की स्थापना से प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। राज्य मंत्री ने कहा कि राइजिंग राजस्थान कार्यक्रम हेतु देश-विदेश के उद्यमी उत्साह के साथ भागीदारी निभा रहे हैं। इस अवसर पर सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह राव, रानीवाडा विधायक रतन देवासी, पूर्व विधायक हीरालाल बिश्नोई, अतिरिक्त जिला कलैक्टर प्रमोद कुमार, दानाराम चौधरी, सीबीईओ पूनमचंद बिश्नोई, भामाशाह सुजाना जी देवासी, कृष्णा देवासी, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी कार्मिक एवं बडी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

स्वर्णकार सेवा समिति ने ज्ञापन दिया

भीनमाल, (निसं)। जालोर जिले के बागरा गांव में रवि सोनी के साथ प्राणघातक हमला कर लूट व मारपीट करने के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर शुक्रवार को स्वर्णकार सेवा समिति ने उपखंड कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना देते हुए मुख्यमंत्री व जालोर पुलिस अधीक्षक के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। स्वर्णकार सेवा समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार सोनी ने बताया कि जालौर जिले के बागरा गांव में गत 13 नवंबर को रवि कुमार पुत्र जगदीश सोनी अपनी दुकान से घर जा रहा था। इस दौरान 3 अज्ञात नकाबपोश व्यक्तियों द्वारा उस पर प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया था। उसके पास से जेवरात भी लूट कर ले गए थे। इस संबंध में पुलिस थाना बागरा में मुकदमा भी दर्ज करवाया था। मगर आज दिन तक कोई कार्रवाई नहीं होने से आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। इस घटना को 15 दिन का समय हो गया है लेकिन अभी तक पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई है। जिससे सोनी समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। समिति के लोगों ने धरना स्थल पर कहा कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो आगामी दिनों में उग्र धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई है। इस अवसर पर अशोक सोनी, रमेश केसाजी, दिलीप सोनी, मोहनलाल सोनी, बाबूलाल सोनी, दिनेश सोनी, डायालाल, जितेंद्र, महेंद्र, विनोद, नरेश, प्रकाश, भारत, हितेश, गोविंद, जितेंद्र, मुकेश,राजू,सुखराज, गिरधारीलाल,शांतिलाल,श्रवण, महेंद्र, तुलसीराम, प्रकाश, हरीश सहित कई जने मौजूद रहे।

बिजली निगम के निजीकरण का विरोध

जैसलमेर, (नि.सं.)। बिजली निगम में निजीकरण लागू नहीं करने और ओपीएस लागू करने की मांग को लेकर राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले बिजली कर्मचारियों ने शुक्रवार को कार्य बहिष्कार रखा। कर्मचारियों ने निगम के जैसलमेर एसई ऑफिस के बाहर एक दिन का सांकेतिक धरना दिया। बिजली कर्मियों ने बताया कि बिजली निगम में वितरण के जोधपुर डिस्कॉम में वर्तमान में अधिकतर कार्य आउटसोर्स, एफआरटी व ठेके व सीएलआरसी नामों से निजी भागीदारी से करवाए जा रहे हैं। अब एचएएम मॉडल के तहत 33/11 केवी ग्रिड के फीडर सेगिनेशन व सोलराईजेशन के नाम पर आउटसॉर्स कर निजी हाथों में दिया जा रहा है। जो कि ठिाड सेफ्टी कोड का सीधा-सीधा उल्लंघन है। इसके करण एचएएम मॉडल के तहत 33/11 केवी ग्रिड निजी हाथों में देने से राज्य व देश की सामरिक सुरक्षा को किसानों व जनता के आंदोलनों से खतरा उत्पन्न हो सकता है। राज्य के उर्जा क्षेत्र में स्थायी रोजगार के अवसर लगभग खत्म हो जाएंगे। जिससे शिक्षित व प्रशिक्षित युवाओं की उर्जा क्षेत्र में स्थायी रोजगार की उम्मीदें धूमिल हो जाएगी।

पहला सुख निरोगी काया अभियान शुरू

भीनमाल, (निसं)। बागोडा पंचायत समिति में सिरमौर अवॉर्ड से सम्मानित ग्राम पंचायत नांदिया में सरपंच हिंगलाज एम नांदिया के नेतृत्व में विकास एवं नवाचार के श्रृंखलाबद्ध कार्यों में एक और प्रेरणीय नवाचार पहला सुख निरोगी काया अभियान का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। सरपंच चारण ने बताया कि हमने आज की भाग-दौड भरे जीवन एवं अपौष्टिक खाद में गिरते स्वास्थ्य की चिंता के सुधार को लेकर एक पहल पहला सुख निरोगी काया अभियान का विद्यालयों में स्वयं सरपंच द्वारा विद्यार्थियों को योग, व्यायाम, प्राणायाम सिखाकर शुभारंभ किया गया। सरपंच द्वारा उपखंड का पहला खेल, बाल मनोरंजन एवं स्वास्थ्य को समर्पित अत्याधुनिक मातृभक्त मुरारदान स्टेडियम का निर्माण नांदिया में ही हुआ हैं । जिसमे नियमित श्रीराम शाखा लगती है, वही नित्य व्यायाम, मॉर्निंग वॉक, दौड एवं प्रतिदिन विद्यालयों में शारीरिक विद्यालयों में अभ्यास को अनिवार्य किया गया। इस प्रकार के नवाचार की पूरे उप खंड स्तर पर गूंज मची हुई है।

प्रशासक राजेश मेवाड़ा ने निरीक्षण किया

जालोर, (कासं)। राज्य सरकार द्वारा नगर परिषद जालोर के लिए नियुक्त प्रशासक अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेश मेवाड़ा ने शुक्रवार को नगर परिषद कार्यालय जालोर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रशासक राजेश मेवाड़ा ने आगामी 7 दिवस में नगर परिषद क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों का सर्वे कर संबंधित खातेदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने जालोर शहर में बिना स्वीकृति के चल रहे निर्माण कार्यों को सूचीबद्ध कर नोटिस जारी करने तथा निर्माण स्वीकृति के विरूद्ध किए जा रहे कार्यों को सीज करने के लिए निर्देशित किया।उन्होंने नगर परिषद के राजस्व अर्जन के साथ ही नगर परिषद आयुक्त को कार्यालय में प्राप्त होने वाली विभिन्न प्रकार के पट्टों की पत्रावलियां एवं आमजन से जुड़े कार्यों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर परिषद आयुक्त, सहायक नगर नियोजक, कृषि भूमि व आबादी भूमि प्रभारी उपस्थित रहे।

आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई

जालोर, (कासं)। वीर वीरम देव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जालोर के प्राचार्य ने बताया कि स्नातक पार्ट द्वितीय (सेमेस्टर - तृतीय), स्नातक पार्ट तृतीय तथा स्नातकोत्तर (उत्तरार्द्ध) के लिए प्रवेश नवीनीकरण से वंचित विद्यार्थियों के लिए 26 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक बढाई गई है। विद्यार्थी 5 दिसम्बर तक ई-मित्र पर फीस जमा करवा सकते है।

किसानों का महापड़ाव जारी, ठिठुरन में कर रहे हैं भजन

जालोर, (कासं)। जालोर जिला मुख्यालय पर जवाई बांध के पानी पर हक तय करने की मांग को लेकर किसानो का महापड़ाव बारहवें दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। किसान महापडाव स्थल पर ही भोजन, बिस्तर लेकर डटे हुए हैं। वही सनातन धर्म एवं संवर्धन संस्थान जालोर ने भी किसानो की मांगो का समर्थन देते हुए मुख्यमंत्री के नाम जिला कलैक्टर जालोर डॉ.प्रदीप के .गांवडे को ज्ञापन सौंपा।

जालोर में जवाई बांध के पानी पर जालोर का हक तय करने की मांग को लेकर किसान कलेक्ट्रेट के समक्ष धरने पर डटे हुए है। महापडाव स्थल पर ही किसानो के लिए रसोई बनाई गई है तथा रसोई में भोजन आदि बनाया जा रहा है। वही रात्रि को भजन कीर्तन के साथ इस सर्द में ठिठुरन के बीच किसान कलैक्ट्रेट के समक्ष जमे हुए हैं। महापडाव स्थल पर किसान नेताओं ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जवाई बांध पर जालोर के लिए एक तिहाई तय करने की मांग लम्बे समय से चल रही है । किसानो की जायज मांगों को लेकर जालोर के जनप्रतिनिधि द्वारा सरकार तक मांग ठोस रुप में नही पहुंचने से किसानो को हर बार धरना प्रदर्शन करना पडता है। महापडाव स्थल पर काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

जालोर में किसानों की मांगों को लेकर सनातन धर्म सेवा एवं संवर्धन संस्थान से जुड़े लोग मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे। फोटो-राष्ट्रदूत

वही सनातन धर्म एवं सवंर्धन संस्थान जालोर ने भी किसानो की मांगो का पूर्ण समर्थन कर जवाई बांध के पानी पर जालोर का हक तय करने की मांग की गई। संस्थान ने मुख्यमंत्री के जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौंपा। वही महापडाव स्थल पहुंचकर कई वक्ताओं ने सम्बोधन भी दिया।

इस दौरान आयोजन में समिति के अध्यक्ष बंशीलल सोनी,भंवर सिंह सोलंकी, पार्षद दिनेश कुमार बारोट, मदन सिंह राठौड, सुनील शर्मा, नंदलाल प्रजापत, रामसा माली, सोमनाथ गोस्वामी,हेमन्त सैन , मदन सिंह बरणा, पप्पू भाई बंजारा, मनोज सोनी, नंदलाल खटीक, मदनलाल प्रजापत, राणाराम हीरागर, कोयराम हीरागर, चंपालाल हीरागर, तगाराम माली सहित अन्य लोग शामिल हुए। इसके अतिरिक्त, किसान संघ से रतन सिंह कानीवाडा ,करण सिंह थावला, शिवनारायण शर्मा, दलपत बोहरा, देवनारायण शर्मा, शर्मेलाराम माली, मनाराम माली, मदनलाल (टैक्सी वाले), मोहनलाल, प्रवीण सिंह नाथावत, कानाराम मेघवाल, भंवरलाल सिंधी, नेनाराम, राणा मगनाराम माली, चौथाराम माली आदि उपस्थित रहे। इस आयोजन में सनातन समिति और किसान संघ के कई कार्यकर्ता व लोग शामिल हुए।

डिस्कॉम कर्मचारियों ने निजीकरण का विरोध किया

जालोर में डिस्कॉम के कर्मचारियों ने रोष जताया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। विद्युत विभाग में निजीकरण के विरोध में तथा विद्युत विभाग में ओ पी एस (ओल्ड पेंशन स्कीम) लागू करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन देते समय संगठनों के पदाधिकारी जालम सिंह प्रदेश सचिव विद्युत कर्मचारी संघ, नवरतन मल कुमावत महामंत्री राष्ट्रीय बिजली कर्मचारी संघ, अमृत सिंह महामंत्री भारतीय मजदूर संघ, विनोद आर्य जिलाअध्यक्ष विद्युत लेखा संघ, वचनाराम गर्ग जिला महामंत्री बेजोड संगठन, मलखान सिंह जिला उपाध्यक्ष राज. विद्युत तकनीकी कर्मचारी संघ, बिशन सिंह उपाध्यक्ष विद्युत मंत्रालयिक कर्मचारी संघ, शहजाद खान, नेकी राम, विजय कुमार, विक्रम सिंह, आशीष कुमार, दिनेश मीणा, सुरेश बैरवा, मनीष कुमार, पुरुषोत्तम , हेमराज, जितेंद्र गर्ग, कृष्ण गोपाल, राम सिंह, नरेश गुर्जर, शिवेंद्र अग्रवाल, पिंटू सिंह, शंकर मीणा, रूपेश शर्मा, महेंद्र, रामप्रसाद चौरसिया, गुड्डु, अशोक सेन, गोपाल लखारा, केसर खान, वसीम खान सहित कई कर्मचारी नेता एवं कर्मचारीगण मौजूद थे।

कांग्रेसजनों ने ज्ञापन दिया

जालोर, (कासं)। जिला कांग्रेस कमेटी की और से शुक्रवार दोपहर 12.30 बजे समस्त कांग्रेसजनों द्वारा पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार द्वारा स्वीकृत जवाई पुनर्भरण योजना, माही का पानी जालोर लाने एवम जवाई नदी पुनर्जीवित करने के वादे पूरे करने के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला कलैक्टर जालोर को सौंपा गया।

जन अभाव अभियोग निराकरण समिति के पूर्व अध्यक्ष पुखराज पाराशर की मौजूदगी में ज्ञापन देने के पश्चात समस्त कांग्रेसजनों ने आंदोलन कर रहे किसानों के पास जाकर उनसे मुलाकात कर उन्हें समर्थन दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, जालोर कांग्रेस प्रत्याशी रमिला मेघवाल, आहोर कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेसी सवाराम पटेल,प्रदेश महासचिव नैन सिंह राजपुरोहित, उम सिंह राठौड, जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत, वीरेंद्र जोशी,ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल, सायला ब्लॉक अध्यक्ष सवाई सिंह चंपावत, नगराध्यक्ष मुमताज अली,रमेश सोलंकी,सेवादल जिलाध्यक्ष भेरूपाल सिंह,आम सिंह परिहार, बसंत सुथार,लक्ष्मण सिंह सांखला आदि मौजूद रहे।

वूशु में कुसुम ने स्वर्ण व हिमानी ने कांस्य जीता

जालोर, (साबीर) । स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से जम्मू में 21 से 26 नवंबर तक आयोजित 68वीं राष्ट्रीय स्कूली वूशु प्रतियोगिता में जालोर के खिलाडियों ने एक स्वर्ण व एक कांस्य पदक जीतकर जिले को राष्ट्रीय स्तर पर गौरव प्रदान किया।

जिला वूशु संघ के महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा व अध्यक्ष शिवदत्त आर्य ने बताया कि 17 वर्ष आयुवर्ग में कुसुम सुथार ने स्वर्ण पदक व हिमानी वैष्णव ने कांस्य पदक जीता। दोनों ही खिलाडियों ने अपना प्रारंभिक प्रशिक्षण आर्य वीर दल की हनुमान व्यायामशाला से शुरू किया था। कुसुम सुथार आर्य वीर दल वीरम व्यायामशाला में वूशु कोच देवेश आर्य व हिमानी वैष्णव वीर वीरमदेव स्पोर्ट्स एकेडमी में वूशु कोच प्रीतम सिंह राठौड के निर्देशन में नियमित अभ्यास कर रही हैं।

राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने इन्द्रापुरी कॉलोनी निवासी तलसाराम पुत्र हंसारामजी माली एवं राजेन्द्र नगर कॉलोनी निवासी पूजा देवी पत्नी जितेश कुमार सोलंकी दोनों भाई-बहिन की 27 नवम्बर को सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर शुक्रवार को उनके घर जाकर शोक संतप्त परिवारजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इस अवसर पर सुरेश सुन्देशा व विक्रम सोलंकी आदि उपस्थित रहे। फोटो राष्ट्रदूत

सेवादल का कार्यकर्ता कांग्रेस की रीढ़ है : पुखराज पाराशर

जालोर, (कासं)। जिला कांग्रेस सेवादल की बैठक शुक्रवार को दोपहर 3.00 बजे शहर स्थित राजीव गांधी भवन में पूर्व राज्य मंत्री पुखराज पाराशर के मुख्य आतिथ्य, कांग्रेस जिला अध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल के विशिष्ट आतिथ्य व सेवादल के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष भेरूपाल सिंह दासपा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए पाराशर ने कहा कि सेवादल के कार्यकर्ता कांग्रेस की रीढ और मजबूत स्तंभ है पार्टी ने सेवादल के कार्यकर्ताओं को हमेशा आगे बढाने का काम किया है। सेवादल से निकलकर संगठन में भी बडे पदों एवं विधायक व सांसद बने। हमे मजबूती से संगठन के साथ रहकर पार्टी की सेवा करनी चाहिए पार्टी हर किसी को मौका देती है।

जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल ने कहा कि युवा जब सेवादल से जुडता है तो उसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है क्योंकि पार्टी में सेवा भाव की भावना और पार्टी के प्रति निष्ठा यही सीखकर आगे बढता है। भैंरूपाल सिंह ने कहा पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे बखूबी निभाउंगा सभी को साथ लेकर पार्टी के लिए काम करेंगे। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर बढे नेताओं का आभार जताते हुए उस पर खरा उतरने की बात कही साथ ही जल्द नई कार्यकारिणी बनाने की भी बात कही। इस दौरान पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल, कांग्रेस प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत, ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम, मेघवाल, ब्लॉक अध्यक्ष सवाई सिंह, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष सीएल गहलोत, ईश्वर सिंह बालावत, मोहनलाल नारणावास, जवेर सिंह पुरोहित, सुरेश गर्ग नारणावास, राजपाल सिंह पुनासा, ओमप्रकाश, शैतान सिंह सियावट, दिलीप गर्ग, अमर सिंह वाडा, चम्पालाल मेघवाल, महिपाल दान चारण, कान सिंह बालावत, जोग सिंह चौहान, मुकेश सिंह राव जगदीश मेघवाल आदि मौजूद रहे।

जालोर जिला कांग्रेस सेवादल की बैठक पुखराज पाराशर के मुख्य आतिथ्य, कांग्रेस अध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल के विशिष्ट आतिथ्य व सेवादल अध्यक्ष भैंरूपाल सिंह दासपा की अध्यक्षता में हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

सार-समाचार

घायल युवक की मौत, मुआवजा की मांग

जोधपुर, (कासं) । शहर में एक महिने पहले हुई सडक़ दुर्घटना में घायल युवक की शुक्रवार की सुबह मथुरादास माथुर अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने मृतक की आश्रित को नौकरी, मुआवजा और बच्चें की पढ़ाई लिखाई के खर्चें की मांग करते हुए अस्पताल की मोर्चरी पर धरना प्रदर्शन किया। कायस्थ समाज से जुड़े कई लोग यहां पहुंचे। सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी भी अस्पताल पहुंचे और परिवार को ढांढस बंधाया। दुर्घटना में मृतक की पत्नी भी जख्मी हो गई थी जिसका उपचार जारी है। पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही को लेकर समाज के लोगों ने अपना रोष जाहिर किया है। मृतक के पिता जगदीश माथुर का कहना कि उनके पुत्र सुरेंद्र माथुर और पुत्रवधु का 28 अक्टूबर को एक्सीडेंट हुआ था। किसी डंपर के चालक द्वारा दुर्घटना कारित की गई थी। मगर वक्त घटना मौके पर पहुंची पुलिस ने ओवरलोड वाहन से माल खाली करवा दिया और दूसरे वाहन में भेज दिया था। उनके पुत्र सुरेंद्र का एमडीएम अस्पताल में पिछले एक माह से उपचार चल रहा था। आज सुबह उसकी मृत्यु हो गई। सुरेंद्र की मृत्यु की खबर पाकर परिजन के साथ समाज के कई लोग एमडीएम मोर्चरी पर एकत्र हो गए और पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर अपना रोष जाहिर किया। परिजन ने मृतक के आश्रित को नौकरी, उचित मुआवजा और छोटे बच्चें की शिक्षा दीक्षा के लिए खर्चें की मांग रखी। एमडीएम मोर्चरी पर सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी भी पहुंचे और परिवार के लोगों को संवेदना के साथ ढांढस बंधाया।

शिक्षक संघ राष्ट्रीय का कार्यक्रम संपन्न

रेवदर, (निसं)। रेवदर राजस्थान शिक्षक संघ राष्टीय का पीईईओ संवाद कार्यक्रम का समापन हुआ। उपशाखा कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल ने बताया कि अध्यक्ष वीपी सिंह मंडार के नेतृत्व में टोलिया बना कर रेवदर ब्लॉक के सभी 39 पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी से भेंट की गई। उपशाखा सभाध्यक्ष कानाराम कलबी ने बताया कि विभिन्न पीईईओ से संवाद स्थापित कर शिक्षक समस्याओं का निराकरण करवाया तथा उन्हें संगठन के कार्यों ,रीतिनीति से अवगत करवाया गया । सभी पीईईओ ने संगठन के साथ मिलकर शिक्षक समस्याओं के निराकरण करने का विश्वाश दिलाया और संगठन के द्वारा वर्ष भर होने वाले सेवा कार्यों की प्रशंसा की। उपशाखा अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह मंडार ने बताया कि संगठन ने केवल अधिकारो की मांग करता है बल्कि शिक्षकों को कर्तव्य बोध करवाने के लिए कर्तव्य बोध पखवाडा भी मनाता हे रक्तदान जैसे सेवा कार्य करता है। मंडार ने बताया कि पिछले दस दिनों में टोलिया बना कर यह कार्य किया।ओमप्रकाश जोशी, मानाराम कोली, रावताराम, पन्नालाल राव नरिंगाराम , रामनिवास मोठासरा , मनोज गुर्जर, मुकेश पुरोहित ,कानाराम कलबी, सुखाराम ,कुलदीप जोशी ,जोधाराम ,ओमप्रकाश ,विनोद सरेल, जितेंद्र रावल ,नरेंद्र सिंह ,धीर सिंह , भरत कुमार ,विष्णु कुमार ,विनोद सरेल महेंद्र सिंह, दशरथ सिंह, सुजानाराम , हेमाराम , कपिलव्यास समेत विचार धारा परिवार के शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

विदेशी करेंसी व जेवर चोरी

जोधपुर, (कासं) । जोधपुर शहर के कुड़ी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 8 में एक सूने मकान में चोरों ने ताले तोडक़र वहां से विदेशी करेंसी के साथ नगदी और जेवरात चोरी कर ले गए। सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध नजर आए है। पुलिस अब इनकी पहचान के साथ तलाश में जुटी है। घर मालिक की तरफ से कुड़ी थाने में चोरी की रिपोर्ट दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुड़ी भगतासनी पुलिस ने बताया कि 8-ए-183 में रहने वाले राजीव पुत्र प्रेमनाथ जायसवाल की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया है। इसमें बताया कि 21 नवंबर को वह अपनी पत्नी के साथ दिल्ली भतीजी की शादी में गया था। इस बीच घर सूना था। वापिस 26 नवंबर को आने पर पता लगा कि चोरों ने घर के ताले तोडक़र प्रवेश किया और वहां से 5 सौ डॉलर, एप्पल का फोन, 1.50 लाख की नगदी, दो विदेशी घडिय़ां आदि चोरी कर ले गए। घर में लगे कैमरों को चैक करने पर पता लगा कि चोरों ने 24-25 नवंबर की रात को यह सैंध लगाई थी। कुछ देर बाद वापिस लौट गए थे। कुड़ी पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज से चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

युवती के हाथ से बैग ले गए बदमाश

जोधपुर, (कासं) । शहर के शास्त्रीनगर इलाके में निजी कार्यालय में काम करने वाली एक युवती के हाथ से बाइक सवार दो बदमाश बैग लूट कर ले गए। बैग में दो लेपटॉप, डायरी और जरूरी दस्तावेज थे। एक लेपटॉप खुद का और दूसरा उसके ऑफिस का था। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। शास्त्रीनगर पुलिस ने बताया कि जी-194 में रहने वाली गीता परिहार पुत्री प्रेमसिंह परिहार ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि 26 नवंबर को वह दिन में ऑफिस से घर के बाहर आई थी। तब एक स्पलेण्डर बाइक पर सवार दो युवक आए। उसमें एक युवक ने उसके हाथ पर झपट्टा मारकर बैग छीन ले गए। बैग में दो लेपटॉप थे। एक लेपटॉप खुद का और दूसरा ऑफिस का था। बैग में डायरी और जरूरी दस्तावेज भी थे। बाइक पर दो लोग सवार थे। शास्त्रीनगर पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज किया गया है, सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की पहचान के साथ तलाश की जा रही है।

लोन का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला

जोधपुर, (कासं) । कमिश्नरेट के जिला पूर्व में उदयमंदिर पुलिस थाने में दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़ित दलित महिला को लोन दिलाने का झांसा देकर आरोपी ने होटल पर बुलाया और उससे दुष्कर्म किया। पीड़िता ने इस बारे में उदयमंदिर थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस ने अब जांच आरंभ की है। पुलिस ने बताया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्र की एक दलित महिला ने यह रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि करीब पन्द्रह दिन पूर्व उसे एक युवक जिसने खुद का नाम कैलाश बताया और सरकारी योजना में ऋण दिलाने के नाम पर उसे जोधपुर बुलाया। दो तीन बार घुमाने के बाद उसने 23 नवंबर को कचहरी परिसर बुलाया गया और बाद में बातों में उलझा कर अधिकारियों से मुलाकात कराने के बहाने उसको पावटा स्थित एक होटल में लेकर गया। वहां एक कमरे में उससे दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसे लोन भी नहीं दिलाया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर अब जांच आरंभ की है।

कर्नाटक के राज्यपाल का स्वागत

जोधपुर, (कासं)। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत शुक्रवार को दोपहर जोधपुर पहुंचे। यहा उनका जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने स्वागत किया। जैसलमेर जाने के लिए कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत आज दोपहर विमान मार्ग से जोधपुर पहुंचे। यहां एक निजी कार्यक्रम में भाग लेकर वह जैसलमेर के लिए रवाना हो गए। जैसलमेर में वह विभिन्न स्थानों का भ्रमण करेंगे। इससे पहले रास्ते में वे रामदेवरा गए जहां प्रसिद्ध लोक देवता बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन किए। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल थावरचंद गहलोत शनिवार को तनोट माता मंदिर में दर्शन के बाद भारत-पाक सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ बैठक करेंगे। गहलोत शनिवार को रात्रि दस बजे जोधपुर सर्किट हाउस पहुंचेंगे तथा रविवार को सुबह 9.10 बजे जोधपुर एयरपोर्ट से बेंगलुरू के लिए प्रस्थान करेंगे।

ठगी की राशि पुलिस ने राशि रिफंड कराई

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर जिला ग्रामीण के खेड़ापा थाना क्षेत्र में शातिर ठग ने एक ग्रामीण को इंवेस्ट पर डबल मुनाफे का झांसा देकर 45 हजार की राशि हड़प ली। बाद में पुलिस ने इस राशि को होल्ड करवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि बावड़ी निवासी सोहन को फ्रॉडस्टर द्वारा टेलीग्राम ग्रुप में पैसे इन्वेस्ट कर पैसे डबल करने का लालच देकर 45 हजार रुपए ऐंठ लिए गए। परिवादी ने 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर सैल, जोधपुर ग्रामीण द्वारा पूर्ण राशि 45 हजार रुपए होल्ड करवा दी गई तथा कोर्ट से ऑर्डर करवाकर परिवादी के बैंक खाते में वापिस रिफण्ड करवाने में सफलता प्राप्त की।

पत्थर की खान से मशीनरी चोरी

जोधपुर, (कासं) । जोधपुर शहर में चोरों ने एक पत्थर की खान से मशीनरी को चुरा लिया। वहीं अलग अलग स्थानों से बाइक को भी चुरा ले गए। इस बारे में संबंधित थानों में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सूरसागर पुलिस ने बताया कि पालड़ी खिचियान निवासी चन्द्राराम पुत्र हप्पाराम जाट ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि रात्रि 10 बजे से सुबह छह बजे के बीच उसकी पत्थर की खान में रखा कम्प्रेशर मशीनमय मोटर, 20 एचपी पैनल व 50 मीटर केबल 3 नग, दो रॉड आदि सामान अज्ञात चोर ले गए।